	निवल–ऋण तथा अन्य दायित्व	**5,06,376.35**	**65,579.55**	**5,71,955.90**
घटाएं : राजस्व घाटा/**जोड़ियें:** राजस्व अधिशेष			(-) 38,954.60	
जोड़ियें : सरकारी लेखों को संवृत राशि			..	
घटाएं : अन्तर्राज्यीय उचंत			..	
	निधियों का निवल प्रावधान		**26,624.95**	
	प्रगामी निवल पूंजीगत तथा अन्य व्यय		**2,96,558.30**	
	प्रगामी निधियों के प्रधान स्त्रोत		**5,71,955.89**	
	संचित राजस्व घाटा		**(-) 2,75,397.60 ***	

@ पूर्ण आंकडों को पूर्णांकित मिलान के कारण समायोजित प्रविष्टि।

* पूर्ण राशि के पूर्णांक करने से (+) 0.01 करोड़ का अन्तर हैं।

विवरण संख्या 13 - समेकित निधि, आकस्मिकता निधि एवं लोक लेखा के अन्तर्गत शेषों का सारांश

क. 31 मार्च 2024 को शेषों का सारांश निम्न प्रकार है :-

नामे शेष	सामान्य लेखे का खण्ड	लेखे का नाम	जमा शेष
(₹ करोड़ में)			*(₹ करोड़ में)*
		समेकित निधि	
5,63,994.21 *	**क से घ तथा ठ का भाग (मु.शी. 8680 केवल)**	**सरकारी लेखे**	
	ङ	**लोक ऋण**	4,46,651.63
7,961.69	**च**	**कर्ज तथा उधार**	
		आकस्मिकता निधि	1,000.00
		लोक लेखा	
	झ	**अल्प बचत, भविष्य निधि आदि**	70,219.43
	ञ	**आरक्षित निधि**	
		(i) ब्याज वाली आरक्षित निधियां	
		सकल शेष	6,391.14
1,351.88		निवेश	
		(ii) बिना ब्याज वाली आरक्षित निधियां :	
		सकल शेष	12,055.07
8,538.67		निवेश	
	ट	**जमा तथा अग्रिम**	
		(i) ब्याज वाली जमा	19,770.30
		(ii) बिना ब्याज वाली जमा	26,441.48
3.05		(iii) अग्रिम	
	ठ	**उचन्त तथा विविध**	
627.51		निवेश	
41.74		अन्य मदें (निवल)	
7.91	**ड**	**प्रेषण**	
2.38 (क)	**ढ**	**रोकड़ शेष**	
		पूर्णांक के कारण समायोजन प्रविष्टि	(-) 0.01#
5,82,529.04			**5,82,529.04**

* इस राशि को समझने के लिए कृपया नीचे पृष्ठ संख्या 58 पर 'ख' देखें ।

(क) रिजर्व बैंक की जमा, जो कि सरकार के रोकड़ शेष का संघटक है, में लेखो में दर्शायी गयी एवं रिजर्व बैंक द्वारा सूचित की गयी राशि मे अन्तर था। विस्तृत विवरण के लिए विवरण संख्या 2 के परिशिष्ट के पृष्ठ सं. 9 पर पाद टिप्पणी (च) देखें।

\# सम्पूर्ण योग राशि के पूर्णांक के मिलान के कारण समायोजन प्रविष्टि ।

विवरण संख्या 13 - *(समाप्त)*

ख. ***सरकारी लेखे*** :– सरकारी लेखों में अनुसरित बही खाता पद्धति के अधीन राजस्व, पूंजी तथा अन्य सरकारी लेन–देनों के अन्तर्गत पुस्तांकित राशियों की, जिनके शेषों को लेखे में वर्षानुवर्ष आगे नहीं ले जाया जाता, एक ही शीर्ष सरकारी लेखे को संवितरित किया जाता है। इस शीर्ष के अन्तर्गत शेष, ऐसे समस्त लेन–देनों के संचित परिणाम द्योतक हैं ।

उसमें जोड़ने के बाद लोक ऋण, कर्जे और पेशगियां, अल्प बचतें, भविष्य निधियां आदि आरक्षित निधियां, जमा और पेशगियां उचन्त और विविध (विविध सरकारी लेखों के अतिरिक्त) प्रेषण और आकस्मिकता निधि के अन्तर्गत रहे शेषों को जोड़ने से वर्ष के अन्त में रहने वाला अन्त रोकड़ शेष निकाला तथा सिद्ध किया जा सकता है ।

इस सारांश के अन्य शीर्षकों में सरकारी खाता बहियों में समाप्त लेखा शीर्षों के अन्तर्गत रहे ऐसे शेष जिनके सम्बन्ध में सरकार प्राप्त की हुई धन राशियों के चुकारे का दायित्व रखती है अथवा देय राशियों को वसूल करने का दावा रखती है तथा प्रेषण लेन–देनों के समायोजन के लिए खाता बहियों से खोले गये शीर्ष भी आते हैं ।

यह ध्यान में रखना आवश्यक है कि इन शेष राशियों को सरकार की वितीय स्थिति का लेखा–जोखा नहीं माना जा सकता क्योंकि न तो इनमें राज्य की सम्पूर्ण भौतिक परिसम्पत्तियों जैसे – भूमि, भवनों संचार साधनों आदि को और न ही इनमें किसी प्रकार की देयताओं अथवा ऐसे बकाया दायित्वों को दिखाया जाता है जिनका लेखा सरकार द्वारा अपनायी जाने वाली रोकड़ पर आधारित लेखा विधि के अंतर्गत नही रखा जाता ।

वर्ष के अन्त में सरकारी लेखे के नामे निवल राशि इस प्रकार निकाली गई है :–

नामे	विवरण		जमा
(₹ करोड़ में)			*(₹ करोड़ में)*
4,98,408.12	1 अप्रैल 2023 को सरकारी लेखे में नामे राशि		
	ख.	प्राप्ति शीर्ष (राजस्व लेखा)	2,03,276.28
	ग.	प्राप्ति शीर्ष (पूंजीगत लेखा)	14.24
2,42,230.88	घ.	व्यय शीर्ष (राजस्व लेखा)	
26,645.72	ङ.	व्यय शीर्ष (पूंजीगत लेखा)	
..	च.	आकस्मिकता निधि को अन्तरण	
0.01 #	छ.	31 मार्च 2024 को सरकारी लेखे में नामे राशि पूर्णांक के कारण समायोजन प्रविष्टि	5,63,994.21
7,67,284.73	**योग**		**7,67,284.73**

(i) अनेक मामलों में विवरण ' आकस्मिकता निधि तथा लोक लेखे के संव्यवहारों का विस्तृत विवरण' (विवरण संख्या–21) में दिखाए गए अन्त शेषों एवं लेखा कार्यालय/विभागीय कार्यालयों में इस प्रयोजन के लिये संधारित पृथक–पृथक रजिस्टरों या अन्य अभिलेखों में दिखाये गए अन्त शेषों में असमाहित अन्तर है। इन असंगतियों को दूर करने के लिये कदम उठाये जा रहे हैं।

(ii) संबंधित अधिकारियों को सत्यापन तथा स्वीकृति के लिए प्रति वर्ष शेष सूचित किए जाते हैं। काफी मामलों में ऐसी स्वीकृतियां प्राप्त नहीं हुई हैं।

(iii) जिन मामलों में विवरण/प्रलेख शेषों के मिलान के सम्बन्ध में प्रतीक्षित है उनका विस्तृत ब्यौरा परिशिष्ट VII खण्ड–II में दिया हैं ।

\# पूर्णाकित राशि को पूर्ण कुल राशि से मिलान पर समायोजन प्रविष्टि ।

वर्ष 2023–24 के लिए वित्त लेखाओं से टिप्पणियां

1. अर्थपूर्ण लेखा पद्धतियों का सारांश :

(i) प्रस्तुतीकरण इकाई :

ये लेखे राजस्थान सरकार के संव्यवहारों को प्रस्तुत करते हैं । राजस्थान सरकार की प्राप्ति एवं व्यय के लेखे 56 जिला कोषालयों द्वारा प्रस्तुत प्रारम्भिक लेखों तथा भारतीय रिजर्व बैंक की समायोजन सूचना के आधार पर संकलित किये गये हैं । सार्वजनिक निर्माण तथा वन खण्डों से सम्बन्धित प्राप्ति तथा भुगतान को एकीकृत वित्तीय प्रबन्धन प्रणाली (आई.एफ.एम.एस) के अधीन अप्रैल 2016 से कोषालयों के साथ जोड़ दिया गया है, इसलिये इन खण्डों के लेखे कोषालयों द्वारा संकलित एवं प्रस्तुत किये जाते हैं। वर्ष के अंत तक किसी भी लेखे को बाहर नहीं रखा गया है। वाउचर्स इस कार्यालय में इन्टरमिडियेट सर्वर के माध्यम से ऑनलाइन प्राप्त होते हैं।

(ii) प्रस्तुतीकरण अवधि :

इन लेखों की प्रस्तुतीकरण अवधि 1 अप्रैल 2023 से 31 मार्च 2024 है।

(iii) प्रस्तुतीकरण मुद्रा:

राजस्थान सरकार के लेखे भारतीय रूपये (₹) में प्रस्तुत किये जाते हैं ।

(iv) लेखे का प्रारूप:

भारत के संविधान के अनुच्छेद 150 के अर्न्तगत, संघ तथा राज्यों के लेखे उस प्रारूप में रखे जाते हैं जैसा भारत के नियंत्रक–महालेखापरीक्षक की राय पर राष्ट्रपति निर्धारित करते हैं । अनुच्छेद 150 में प्रयुक्त शब्द ''प्रारूप'' व्यापक अर्थ रखता है जिसमें न केवल वृहद रूप से निर्धारित प्रारूप जिनमें लेखे रखे जाने है, ही सम्मलित है, अपितु लेखों के उपयुक्त शीर्षों के चयन के लिए आधार जिसके अन्तर्गत संव्यवहार वर्गीकृत किये जाने हैं, जो कि लेखे के चार्ट गठन करते है भी सम्मलित है।

(v) बजट और वित्तीय प्रस्तुतीकरण के आधार:

भारत के संविधान के अनुच्छेद 202 के प्रावधानों के अनुसार, वित्तीय वर्ष शुरू होने से पहले अनुदानों/विनियोगों के रूप में अनुमानित प्राप्तियों और व्यय का एक विवरण, एक वित्तीय वर्ष के लिए वार्षिक वित्तीय विवरणों (जिसे बजट कहा जाता है) को विधानसभा को प्रस्तुत किया जाता है। बजट को सकल आधार पर बिना वसूली और प्राप्तियों के प्रस्तुत किया जाता है, जिन्हें अन्यथा व्यय में कमी के रूप में समायोजित करने की अनुमति होती है। बजट और लेखों के शीर्षो से संबंधित सभी अनुदान/विनियोग, जिनके शेष अग्रेषित नहीं किये जाते है, वित्तीय वर्ष के अंत में समाप्त हो जाते है।

बजट और लेखे: राज्य के बजट और लेखे दोनों एक लेखा अवधि, रोकड आधारित लेखांकन और वर्गीकरण के समान आधार की अनुपालना करते हैं। लघु स्तर तक के लेखे भारत के नियंत्रक महालेखापरीक्षक के परामर्श से लेखा महानियंत्रक द्वारा अधिसूचित मुख्य और लघु शीर्षों की सूची के अनुसार वर्गीकृत किये जाते है। लघु शीर्षो के नीचे का वर्गीकरण प्रत्येक राज्य में महालेखाकार (लेखा व हक.) के कार्यालय द्वारा सहमति के अनुसार किया जाता है।

विनियोग लेखों के रूप में एक पृथक बजट तुलनात्मक विवरण प्रस्तुत किया जाता है, जो अनुदानों/विनियोगों की तुलना में वास्तविक संवितरण को प्रस्तुत करता है। विनियोग लेखे सकल आधार पर प्रस्तुत किये गये है तथा विनियोग लेखों में वित्त लेखों की निवल आकड़ों के मिलान के लिये एक अंकमिलान विवरण सम्मिलित होता है।

रोकड़ आधार: प्रस्तुतीकरण अवधि के दौरान, लेखे ऐसे पुस्तकीय समायोजन जो अधिकृत है के अपवाद के साथ, वास्तविक रोकड़ प्राप्तियों और संवितरण को प्रदर्शित करते हैं। वित्त लेखों में प्राप्तियां और संवितरण; निवल वसूलियों, कटौतियों एवं वापसियों के पश्चात निवल पर आधारित हैं।

पुस्तकीय समायोजन: पुस्तकीय समायोजन गैर–रोकड़ लेने देन हैं जो लेखों में समायोजनों/निपटानों के रूप में प्रकट होते हैं। इनमें से कुछ लेने–देन लेखा प्रदान करने वाली इकाइयों जैसे कोषालय, खण्ड आदि के स्तर पर होते है जैसे राजस्व प्राप्तियों/ऋणों/लोक लेखा को वेतन से कटौतियों एवं वसूलियों का समायोजन, समेकित निधि और लोक लेखा के बीच में धन के हस्तांतरण के लिए 'शून्य' बिल, इत्यादि के।

पुस्तकीय समायोजन महालेखाकार (लेखा व हक.) कार्यालय में भी किये जाते हैं। इसमें, अन्य समायोजनों के बीच लोक लेखा में निधियों के सृजन तथा योगदान के लिये संचित निधि को नामें द्वारा (जैसे राज्य आपदा मोचन निधि, केन्द्रीय सड़क निधि, ऋण शोधन निधि इत्यादि) लोक लेखों में आरक्षित निधियों/ जमा शीर्षो को जमा कर संचित निधि को नामें करते हुये दर्ज करना, मुख्य शीर्ष 2049 ब्याज अदायगियां को नामें तथा लोक लेखा में सम्बिन्धित मुख्य शीर्ष को जमा करते हुए सामान्य प्रावधायी निधि तथा राज्य सरकार समुह बीमा योजना पर ब्याज का वार्षिक समायोजन, केन्द्रीय वित्त आयोग की अनुशंषा पर आधारित भारत सरकार की योजना के तहत ऋण माफी समायोजन, आकस्मिकता निधि का पुर्नभरण इत्यादि शामिल है।

पूंजी और राजस्व व्यय के बीच वर्गीकरण: स्थायी प्रकृति की ठोस गणना योग्य परिसंपत्तियों (संगठन में उपयोग के लिए और व्यवसाय के सामान्य अवधि में बिक्री के लिए नहीं) या मौजूदा परिसंपत्तियों की उपयोगिता को बढाने के उद्देश्य से किए गए महत्वपूर्ण व्यय को व्यापक रूप से पूंजीगत व्यय के रूप में परिभाषित किया जाता है। रखरखाव, मरम्मत, अद्यतन और कार्यकारी व्यय पर बाद में किये गये प्रभार, जो एक चालू क्रम में संपत्ति को बनाए रखने के लिए आवश्यक है, साथ ही साथ स्थापना के दिन–प्रतिदिन के संचालन के लिए किए गए अन्य सभी व्ययों ओर प्रशासनिक व्ययों को राजस्व व्यय के रूप में वर्गीकृत किया जाता है। लेखों में पूंजी और राजस्व व्यय अलग–अलग दिखाए गये हैं।

भौतिक और वित्तीय संपत्ति और देनदारियां: भौतिक संपत्ति और वित्तीय संपत्ति (जैसे निवेश, ऋण और सरकार द्वारा दिए गए अग्रिम आदि) साथ ही देनदारियों जैसे ऋण आदि को ऐतिहासिक लागत पर मापा जाता है। भौतिक संपत्तियों का मूल्यह्रास नहीं किया जाता है और वित्तीय संपत्तियों का परिशोधन नहीं किया जाता है। भौतिक संपत्तियों में होने वाली हानियों को भी उनके जीवन के अंत में व्यय किया हुआ या मान्यता प्राप्त रूप में नहीं दिखाया जाता हैं।

सहायतार्थ अनुदान:– आई. जी. ए. एस. 2– सहायतार्थ अनुदान के लेखांकन और वर्गीकरण की अनुपालना में, भारत के नियंत्रक और महालेखापरीक्षक की सलाह पर राष्ट्रपति द्वारा विशेष रूप से प्राधिकृत मामलों को छोडकर, रोकड़ में सहायतार्थ अनुदान को संवितरण के समय राजस्व व्यय के रूप में मान्यता है, भले ही इसमें अनुदान–ग्रहीता के द्वारा परिसंपत्तियों का सृजन सम्मिलित हो। सभी प्राप्त अनुदानों को राजस्व प्राप्तियों के रूप में मान्यता दी गयी है। राज्य सरकार द्वारा दिए गए सहायतार्थ अनुदान के लेखांकन और वर्गीकरण की अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए विवरण वित्त लेखे के विवरण 10 और परिशिष्ट–।।। में दर्शाया गया है। वर्ष के दौरान वस्तु के रूप में दिए गए सहायतार्थ अनुदान के सम्बन्ध में विस्तृत सूचना राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध नहीं करायी गयी है।

ऋण तथा अग्रिम: आई.जी.ए.एस. 3– सरकार द्वारा दिए गए ऋण और अग्रिम की अनुपालना में राज्य सरकार द्वारा दिए गए ऋण और अग्रिमों के ब्यौरे वित्त लेखों के विवरण 7 और 18 में दर्शाया गये है। 31 मार्च 2024 को विवरणों में दर्शाए गए अंतिम शेष महालेखाकार (लेखा व हक.) की पुस्तकों के अनुसार हैं।

पूर्व अवधि समायोजन: आई.जी.ए.एस. 4– पूर्व अवधि समायोजन की अनुपालना में, राज्य सरकार मोजुदा प्रक्रिया के अनुसार समायोजन करती है तथा ऐसी जानकारी दर्शाती है जो पूर्व समय की त्रुटियों से सम्बन्धित है तथा सरकारी निर्णयों में बदलाव के कारण पूर्व अवधि समायोजन प्रविष्टि को समाहित करती है जो वर्तमान शेषों तथा पूर्व वर्षों के दौरान की प्रगामी राशियों जिनके लिए लेखे बन्द हो चुके है को प्रभावित करती है। वर्ष के दौरान कोई पूर्व अवधि समायोजन लेन देन लेखो में नही लिया गया है।

सेवानिवृत्ति लाभ: प्रस्तुतीकरण अवधि के दौरान पे एज यू गो के अनुसार संवितरित सेवानिवृत्ति लाभों को लेखों में दर्शाया गया है, लेकिन पुरानी पेंशन योजना के तहत कर्मचारियों के प्रति सरकार की भविष्य की पेंशन देयता, जैसे इसके कर्मचारियों की अतीत और वर्तमान सेवा के लिए सेवानिवृत्ति लाभों के भुगतान की देयता मुख्य शीर्ष–2071 के अंतर्गत लेखों में शामिल नहीं है।

(vi) पूर्णांकन:

विवरणो में प्रस्तुत आंकड़े ₹ लाख में और ₹ करोड़ में पूर्णांकित हैं जैसा संबंधित विवरणों के शीर्ष पर दर्शाया गया है। विभिन्न विवरणों के मध्य पूर्ण आकड़ों के साथ–साथ पूर्णांकित आकड़ों में अन्तर, जहां कही भी दर्शित हो, आकड़ें के पुर्णांकन के कारण है।

(vii) रोकड़ शेष:

लेखों में प्रदर्शित रोकड़ शेष जैसा लेखो में प्रतिवेदित है एक वर्ष का 31 मार्च के अंत में राज्य का शेष है। जैसाकि भारतीय रिजर्व बैंक के केन्द्रीय लेखा अनुभाग के साथ राज्य सरकार के लेखों में दर्ज है। रोकड़ शेष वर्ष के लिए राज्य के समेकित निधि, आकस्मिकता निधि और लोक लेखे से जुड़े रोकड़ लेनदेन के बाद शेष राशि को दर्शाता है। पुस्तकीय समायोजन रोकड़ शेष को प्रभावित नहीं करते क्योंकि वे गैर नकद लेनदेन है। वित्त लेखों में दर्शाया गया रोकड़ शेष भारतीय रिजर्व बैंक की पुस्तको के साथ मिलान के अधीन है।

(viii) आकस्मिक और प्रतिबद्ध देनदारियों का प्रकटीकरण:

आई.जी.ए.एस. 1: **'सरकारों द्वारा दी गई गारंटियां'** राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए ब्यौरे के आधार पर सरकारों द्वारा दी गई गारंटियां, क्षेत्र/वर्ग–वार गारंटियों का ब्यौरा वित्त लेखे के विवरण 9 और 20 में दर्शाया गया है।

सरकार प्रतिबद्धता लेखांकन की पालना नहीं करती है और प्रतिबद्धताओं को ना तो दर्ज किया जाता है और न ही लेखों में प्रतिबद्धता के प्रति दायित्व को मान्यता प्राप्त होती है । राज्य सरकार को अपनी भविष्य की प्रतिबद्धताओं के प्रकृटीकरण करने के लिए वित्त लेखे की अनुलग्नक xii में सम्मलित करना अपेक्षित होता हैं । यद्यपि, इस सम्बन्ध में राज्य सरकार से कोई सूचना प्राप्त नहीं हुयी।

(ix) पास–थ्रू लेनदेन:

राज्य द्वारा प्राप्तियों की प्रकृति में संग्रहित पास थ्रू लेन देन परन्तु अन्य संस्थाओं को हस्तान्तरणीय इस प्रकार के लेन देन का खुलासा वित्त लेखों से टिप्पणियां में किया जाता है। इसमें राज्य कैम्पा निधि में वर्ष के संग्रह के 10 *प्रतिशत* का वार्षिक आधार पर राष्ट्रीय निधि में हस्तान्तरण, रॉयल्टी का दो प्रतिशत राष्ट्रीय खनिज अन्वेषण ट्रस्ट को स्थानान्तरण, श्रम उपकर एकत्र कर सरकारी लेखों में रखना तथा भवन एवं अन्य निर्माण श्रमिक कल्याण बोर्ड को हस्तांतरित करना, केंद्र प्रायोजित योजनाओं पर राज्य को प्राप्त केंद्रीय हिस्सेदारी का हस्तांतरण, केंद्रीय सिंगल नोडल एजेंसी के लिए सेक्टर योजनाओं का हस्तातंरण, लोक लेखों में नामित मुख्य शीर्ष से नामित निधि मैनेजर को एनपीएस योगदान का हस्तांतरण आदि को शामिल किया जा सकता है।

2. लेखांकन ढांचे का अनुपालन:

(i) मासिक लेखे बंद करने के बाद कोषालयों द्वारा लेखों को फ्रीज नहीं किया जाना :

मौजूदा प्रक्रिया के अनुसार, एक बार राज्य द्वारा बंद किए गए और महालेखाकार (लेखा व हक.) कार्यालय को सौंपे गए लेखों को किसी भी बदलाव के लिए नहीं खोला जाना चाहिए, क्योंकि यह मासिक लेखों का गलत प्रदर्शित करेगा। राजस्थान में, कोषालय द्वारा महालेखाकार कार्यालय को एक बार लेखा प्रस्तुत करने के बाद, महालेखाकार कार्यालय की पूर्व अनुमति के बिना कोई परिवर्तन नहीं किया जाता है।

(ii) अनाधिकृत शीर्षों का संचालन :

वर्ष 2023–24 के दौरान राज्य सरकार ने कोई भी अनाधिकृत शीर्ष नहीं खोला गया है।

(iii) बिना पूर्व सलाह के नए उप शीर्षो /विस्तृत शीर्षों को खोलना :

राज्य सरकार बजट में खोले गए शीर्षों के लिए कार्योत्तर सहमति मांगी जाती है।

(iv) गलत वर्गीकरण एवं बजट प्रावधानों के प्रस्तुतिकरण में विसंगति :

वर्ष 2023–24 के लिए राज्य सरकार के बजट दस्तावेजों में निम्नलिखित लेखा शीर्षों के संबंध में व्यय का सही वर्गीकरण नहीं दर्शाया गया है:–

(अ) अनुदान सं. 24 के अन्तर्गत मुख्य शीर्ष 2203 की जगह मुख्य शीर्ष 4202 के तहत ''अभियांत्रिकी कॉलेज, भरतपुर (एक स्वायत्त निकाय) में निर्माण कार्य'' – सहायतार्थ अनुदान (गैर वेतन) के लिये ₹ 0.60 करोड़ का प्रावधान किया गया। राज्य सरकार ने राजस्व अनुभाग के स्थान पर पूंजी अनुभाग से ₹ 0.60 करोड़ का सहायतार्थ अनुदान (गैर वेतन) जारी किया जो सरकारी लेखांकन नियम 1990 तथा आई.जी.ए.एस.–2 के प्रावधानों का उल्लघंन है यह मामला बजट समीक्षा 2023–24 में उठाया गया है।

(ब) राज्य सरकार ने मशीनरी तथा उपकरण/उपकरण और संयंत्रों के लिए राजस्थान पशु चिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, बीकानेर (एक स्वायत्त निकाय) को निधियां जारी करने के लिये राजस्व व्यय शीर्ष 2403 के बजाय शीर्ष 4403–00–101–(18)–[01]–18, 4403–00–789–(05)– [01]–18 तथा 4403–00–796–(05)– [01]–18 से पूंजीगत अनुभाग के तहत ₹ 8.00 करोड़ का बजट उपलब्ध कराया। वर्ष के दौरान इन शीर्षों के तहत ₹ 4.00 करोड़ की राशि व्यय के रूप में दर्ज की गयी यह आई.जी.ए.एस.–2 के विपरीत है। यह मामला 2022–23 में राज्य सरकार के समक्ष उठाया गया था।

राजस्व और पूंजी के बीच उपरोक्त गलत वर्गीकरण को पैरा 3 (ii) 'राजस्व और पूंजीगत व्यय के बीच गलत वर्गीकरण' में दर्शाया गया है ।

3. समेकित निधि:

(i) वस्तु एवं सेवा कर :

वस्तु एवं सेवा कर (जी.एस.टी.) 01 जुलाई 2017 से शुरू किया गया था । वर्ष 2023–24 के दौरान, राज्य का वस्तु एवं सेवा कर संग्रह 2022–23 में ₹ 33,790.48 करोड़ की तुलना में ₹ 4,225.49 करोड़ (12.50 *प्रतिशत*) की वृद्धि दर्ज करते हुए, ₹ 38,015.97 करोड़ था। इसमें एकीकृत वस्तु एवं सेवा कर के अग्रिम समायोजन की राशि ₹ (–) 468.00 करोड़ शामिल है। इसके अतिरिक्त, राज्य ने केन्द्रीय वस्तु एवं सेवा कर के तहत राज्यों को समनुदेशित निवल आगमों का हिस्सा के रूप में ₹ 20,656.36 करोड़ प्राप्त किये । वस्तु एवं सेवा कर के अन्तर्गत कुल प्राप्तियां ₹ 58,672.33 करोड़ थी । 2023–24 के दौरान राज्य को जी.एस.टी. लागू होने की वजह से होने वाली राजस्व की हानि के कारण राजस्व प्राप्ति के रूप में ₹ 1,397.80 करोड़ की क्षतिपूर्ति प्राप्त हुई।

इसके अलावा, राज्य को जीएसटी मुआवजे के बदले केंद्र सरकार से 2023–24 के दौरान बैक–टू–बैक ऋण के रूप में कोई मुआवजा नहीं मिला (31 मार्च 2024 तक कुल ₹ 11,872.29 करोड़ का बैक–टू–बैक ऋण) जिसे राज्य की उधार सीमा के संबंध में वित्त आयोग द्वारा निर्धारित मानदंडों के अन्तर्गत गिना नहीं जाएगा।

संबंधित आंकड़े वित्त लेखे के विवरण संख्या 14 और 17 में उपलब्ध है।

(ii) राजस्व और पूंजीगत व्यय के बीच गलत वर्गीकरण :

(अ) वर्ष 2023–24 के दौरान राजस्थान सरकार ने गलत तरीके से राजस्व अनुभाग के बजाय पूंजी अनुभाग के तहत ₹ 4.60 करोड़ का व्यय दर्ज किया, जैसा कि व्यय के प्रयोजन से निर्धारित किया गया है। राज्य के राजस्व/पूंजीगत व्यय पर गलत वर्गीकरण के प्रभाव को पैरा 6 अन्तर्गत बताया गया है। राजस्व/पूंजीगत व्यय ₹ 4.60 करोड़ से न्यूनदर्शित/अधिकदर्शित है।

(ब) सरकारी कर्मचारियों को ऋण के लिये पिछले वर्षों में मुख्य शीर्ष 7610–सरकारी कर्मचारियों को ऋण के तहत लघु शीर्ष 796–जनजातीय क्षेत्र उपयोजना उपयोग में लिया गया । मुख्य और लघु लेखा शीर्षों की सूची के अनुसार, मुख्य शीर्ष 7610–सरकारी कर्मचारियों को ऋण के नीचे लघु शीर्ष 796–जनजातीय क्षेत्र उप–योजना का संचालन एक गलत वर्गीकरण है क्योंकि लघु शीर्ष केवल व्यय सेक्टर शीर्षों (राजस्व लेखा/पूंजी लेखा) के मुख्य/उप–मुख्य शीर्षों के नीचे जहां आवश्यक हो, खोले जाने की अनुमति है।

2023–24 के अन्त तक इस लघु शीर्ष में ₹ (–) 0.15 करोड का ऋणात्मक शेष दिखाया गया हैं जो सरकारी कर्मचारियों से इस मद में पुर्नभुगतान प्राप्त होने के कारण हैं । महालेखाकार (लेखा व हक.) द्वारा सुधारात्मक उपायों के लिए मामले को राज्य सरकार के समक्ष उठाया गया है।

इसका वित्त लेखे के विवरण 4, 5, 15, 16 और 18 में संदर्भ है।

(iii) नियंत्रण अधिकारियों तथा महालेखाकार (लेखा एवं हक.) के मध्य व्यय तथा प्राप्तियों का अंकमिलान:

सभी नियंत्रक अधिकारियों को महालेखाकार (लेखा एवं हक.) द्वारा पुस्तांकित आंकड़ों से सरकार की प्राप्तियों एवं व्यय के आंकड़ों का मिलान करना अपेक्षित है। वर्ष 2023–24 के दौरान, राज्य सरकार द्वारा राजस्व प्राप्तियों की राशि ₹ 2,03,276.28 करोड़ (कुल राजस्व प्राप्तियों का 100 *प्रतिशत*), राजस्व व्यय राशि ₹ 2,42,230.88 करोड़ (कुल राजस्व व्यय का 100 *प्रतिशत*) और पूंजी व्यय राशि ₹ 26,645.72 करोड़ (कुल पूंजी व्यय का 100 *प्रतिशत*) का मिलान किया गया । राज्य सरकार द्वारा दिए गए ऋण और अग्रिम की राशि ₹ 398.21 करोड़ (राज्य सरकार द्वारा दिए गए कुल ऋण और अग्रिम का 100 *प्रतिशत*) का मिलान किया गया।

इसकी तुलना में, गत वर्ष 2022–23 के दौरान, राज्य सरकार द्वारा राजस्व प्राप्तियों की राशि ₹ 1,94,987.93 करोड़ (कुल राजस्व प्राप्तियों का 100 *प्रतिशत*), राजस्व व्यय राशि ₹ 2,26,479.29 करोड़ (कुल राजस्व व्यय का 100 *प्रतिशत*) और पूंजी व्यय राशि ₹ 19,798.28 करोड़ (कुल पूंजी व्यय का 100 *प्रतिशत*) का मिलान किया गया । गत वर्ष के दौरान, राज्य सरकार द्वारा दिए गए ऋण और अग्रिम की राशि ₹ 174.78 करोड़ (राज्य सरकार द्वारा दिए गए कुल ऋण और अग्रिम का 100 *प्रतिशत*) का मिलान किया गया।

(iv) लघु शीर्ष 800–अन्य प्राप्तियां तथा 800–अन्य व्यय के तहत लेखांकन:

लघु शीर्ष 800–अन्य प्राप्तियां/800–अन्य व्यय तब ही संचालित किया जाता है जब लेखों में उपयुक्त लघु शीर्ष का प्रावधान उपलब्ध नहीं हो। लघु शीर्ष 800 के सामान्य प्रयोग को निरूत्साहित किया जाना चाहिये क्योंकि यह लेखों को अपारदर्शी बनाता है ।

वर्ष 2023–24 के दौरान, 57 मुख्य लेखा शीर्षों के अंतर्गत ₹ 14,260.44 करोड़, जो कुल राजस्व और पूंजीगत व्यय (₹ 2,68,876.60 करोड़) का 5.30 *प्रतिशत* है, को लेखों में लघु शीर्ष 800–अन्य व्यय के तहत वर्गीकृत किया गया था। गत वर्ष 2022–23 के दौरान, 58 मुख्य लेखा शीर्षों के तहत ₹10,515.26 करोड़, जो कुल राजस्व और पूंजीगत व्यय (₹ 2,46,277.57 करोड़) का 4.27 *प्रतिशत* था, को लेखों में लघु शीर्ष 800–अन्य व्यय के तहत वर्गीकृत किया गया था।

इसी प्रकार, 44 मुख्य लेखा शीर्षों के अन्तर्गत ₹ 9,138.35 करोड़, जो कुल राजस्व प्राप्तियों (₹ 2,03,276.28 करोड़) का 4.50 *प्रतिशत*, 800–अन्य प्राप्तियां के अन्तर्गत लेखों मे वर्गीकृत किया गया । गत वर्ष के दौरान, 44 मुख्य लेखा शीर्षों में ₹ 12,013.42 करोड़, जो कुल राजस्व प्राप्तियों (₹ 1,94,987.93 करोड़) का 6.16 *प्रतिशत*, 800–अन्य प्राप्तियां के अन्तर्गत लेखों मे वर्गीकृत किया गया ।

इसका वित्त लेखे के विवरण 14, 15 तथा 16 में संदर्भ है।

(v) निजी निक्षेप (पी.डी.)/ निजी खाते (पी.एल.) खातों में निधियों का हस्तान्तरण:

निजी निक्षेप खाते किसी एक योजना से संबंधित विशिष्ट उद्देश्यों के लिए व्यय करने के लिये नामित आहरण एवं वितरण आधिकारियों को अधिकृत करता हैं।

2023-24 के दौरान इन निजी निक्षेप खातों में राज्य की संचित निधि से ₹ 22,865.05 करोड़ की राशि हस्तांतरित की गई। इसमें मार्च 2024 में हस्तांतरित ₹ 2,514.17 करोड़ शामिल है, जिसमें से मार्च 2024 के अंतिम कार्य दिवस को ₹ 9.55 करोड़ हस्तांतरित किए गए थे।

राजस्थान सरकार के कोषालय नियम 2012 के नियम 98 के अनुसार, खाता बन्दी के समय पीडी खातों में अव्ययित राशि को मुख्य शीर्ष-0075 विविध सामान्य सेवाओं में स्थानांतरित किया जाएगा। नियमों में दी गयी यह प्रक्रिया मुख्य एवं लघु लेखा शीर्षों की सूची में निहित सामान्य निर्देशों से भिन्न है जिसमें अन्य बातों के साथ साथ यह आवश्यक है कि अव्ययित राशि जो समेकित निधि में डेबिट द्वारा स्थानान्तरित की गयी, को सम्बन्धित शीर्ष से व्यय में कमी के रूप में लेखांकित की जानी चाहिए । सही लेखांकन प्रक्रिया अपनाने के लिए महालेखाकार राजस्थान द्वारा प्रकरण राज्य सरकार के समक्ष उठाया गया है।

राजस्थान कोषालय नियम 2012 के नियम 99 के अनुसार, निजी निक्षेप खाते के 2060 प्रशासकों (2451 में से) ने कोषालय के आंकड़ों (कोषालय में) के साथ अपने शेष का मिलान और सत्यापन किया और उनके द्वारा 2060 वार्षिक सत्यापन प्रमाण पत्र कोषालय अधिकारी को प्रस्तुत किए गए । निजी निक्षेप खातों के 391 प्रशासकों ने कोषालय के आंकड़ों के साथ अपने शेष का मिलान और सत्यापन नहीं किया था।

राज्य के नियमों में कोषालय एवं निजी निक्षेप खातों के प्रशासक के बीच किये गये आंकड़ों के मिलान हेतु कोषालय से वार्षिक सत्यापन प्रमाण पत्र महालेखाकार (लेखा व हक.) को प्रस्तुत करने का कोई प्रावधान नहीं है। यद्यपि, कोषालय निरीक्षण के दौरान, महालेखाकार (लेखा व हक.) कार्यालय के कोष निरीक्षण दल द्वारा पी.डी. प्रशासकों द्वारा कोषालय में प्रस्तुत किए गए ऐसे अंक मिलान प्रमाण पत्रों का सत्यापन किया गया ।

31 मार्च 2024 को पी.डी. खातों का विवरण नीचे दिया गया है:

(₹ करोड़ में)

1 अप्रैल 2023 को प्रारम्भिक शेष		वर्ष 2023-24 के दौरान वृद्धि		2023-24 के दौरान निकासी		31 मार्च 2024 को अन्तिम शेष	
प्रशासक की संख्या	राशि	प्रशासक की संख्या (नये पी.डी. खातों का खोलना)	राशि (सभी पी.डी.खातों में जमा राशि)	प्रशासक की संख्या (वर्ष के दौरान बन्द)	राशि (सभी पी.डी.खातों से निकासी)	प्रशासक की संख्या	राशि
2200	14,114.10	309	40,311.63	58	40,662.83	2451	13,762.90

वर्ष के दौरान, ₹ 6.63 करोड़ की शेष राशि वाले 58 निजी निक्षेप खाते बंद कर दिए गए और निधियों को राज्य की समेकित निधि में समायोजित कर दिया गया।

पिछले दो वर्षों में, ₹ 54.47 करोड़ की शेष राशि वाले 115 पीडी खाते निष्क्रिय रहे।

संदर्भित आंकड़े वित्त लेखों के विवरण संख्या 21 में उपलब्ध है।

सरकारी लेखों के अंतर्गत आर.डब्ल्यू.एस.एस.सी. द्वारा पीडी खाते का संचालन:

राजस्थान सरकार द्वारा राज्य में जल वितरण और सीवरेज के कार्यान्वयन के लिए योजनाओं को लागू करने, संचालित करने और वित्तपोषित करने के लिए 1979 में राजस्थान जल आपूर्ति और सीवरेज निगम (आर.डब्ल्यू.एस.एस.सी.) बनाया गया । निगम का परिचालन 2022 से हुआ है। राजस्थान सरकार द्वारा निगम को मुख्य शीर्ष 8443-106 के तहत निजी निक्षेप (पी.डी) खाते संचालित करने के लिए अधिकृत किया गया । निगम द्वारा 2021-22 के दौरान (हुडको से ₹ 4,000.00 करोड़), 2022-23 (बैंक ऑफ महाराष्ट्र से ₹ 1,500.00 करोड़) और 2023-24 (हुडको से ₹ 1,500.00 करोड़) कुल ₹ 7,000.00 करोड़ का ऋण लिया गया और समस्त राशि उसके निजी निक्षेप खाते में जमा की गयी ।

वर्ष के दौरान, राज्य सरकार ने जल आपूर्ति योजनाओं के संचालन और रखरखाव पर ₹ 7,819.54 करोड़ का व्यय किया। यद्यपि, जनवरी 2023 में सरकार ने जल उपयोगिता शुल्क, जो पूर्व में मुख्य शीर्ष 0215 के अन्तर्गत संग्रहित किये जाते थे, को सीधे आर.डब्ल्यू.एस.एस.सी. के निजी निक्षेप खाते में 01-11-2022 से जमा करने के प्रशासनिक आदेश जारी किये, जो भारत के संविधान के अनुच्छेद 266 (1) का उल्लघंन हैं जिसके अनुसार सरकार द्वारा प्राप्त सभी राजस्व को समेकित निधि में जमा किया जायेगा । प्राप्ति को पहले मुख्य शीर्ष 0215 में जमा किया जाना चाहिए था।

2023-24 के दौरान, जल जीवन मिशन के लिए राज्य सरकार का ₹ 3,361.66 करोड़ का भुगतान आर.डब्ल्यू.एस.एस.सी. के निजी निक्षेप खाते से सिंगल नोडल एजेंसी एस्क्रो खाते में किया गया था। 2023-24 के दौरान, आर.डब्ल्यू.एस.एस.सी. के निजी निक्षेप खातों से ₹ 1,500.00 करोड़ निकाले गए और मुख्य शीर्ष 8342-103 के तहत लोक लेखों में ब्याज वाली निक्षेप में जमा किए गए। राज्य सरकार ने मुख्य शीर्ष 2049-60 से ₹ 21.50 करोड़ का ब्याज भुगतान किया और इसे मुख्य शीर्ष 8443-106 के तहत आर.डब्ल्यू.एस.एस.सी. के पीडी खातों में जमा किया। 31 मार्च, 2024 तक आर.डब्ल्यू.एस.एस.सी. के निजी निक्षेप खाते (8443-106) में अन्तिम शेष ₹ 144.28 करोड़ था।

(vi) असमायोजित सारांशीकृत आकस्मिक(ए.सी) बिल:

राजस्थान सामान्य वित्तीय एवं लेखा नियमों के नियम 8 (2) में निर्दिष्ट किया गया है कि सरकारी खजाने से कोई भी धनराशि तब तक नहीं निकाली जानी चाहिए जब तक कि तत्काल संवितरण की अपेक्षित नहीं हो। आपातकालीन परिस्थितियों में, आहरण और संवितरण अधिकारी (डीडीओ) को सारांशीकृत आकस्मिक (एसी) बिलों के माध्यम से धनराशि निकालने के लिए अधिकृत किया जाता है। राजस्थान सामान्य वित्तीय और लेखा नियम, 220 (1), के अनुसार, डीडीओ को एसी बिलों की निकासी की दिनांक से तीन महीने के भीतर अंतिम व्यय के समर्थन में वाउचर वाले विस्तृत प्रतिहस्ताक्षरित आकस्मिक (डीसीसी) बिल प्रस्तुत करना अपेक्षित है।

वर्ष 2023-24 के दौरान ₹ 117.46 करोड़ की राशि के 730 ए.सी. बिल आहरित किये गये जिसमें से ₹ 2.06 करोड़ (1.75 *प्रतिशत*) राशि के 22 ए.सी. बिल मार्च 2024 में आहरित किये गए।

31/12/2023 तक आहरित किये गए ₹ 218.57 करोड़ के 876 एसी बिल (जनवरी 2023 से मार्च 2023 के दौरान आहरित किये गए और 2023-24 में देय सम्मलित करते हुए) ₹ 124.77 करोड़ के 266 एसी बिल डीसीसी बिलों के लिए देय थे (राजस्थान सामान्य वित्तीय एवं लेखा नियमों की आवश्यकता के अनुसार) । इसमें से ₹ 81.29 करोड़ की राशि से सम्बन्धित कुल 197 ए.सी. बिलों के सम्बन्ध में डीसीसी बिल प्राप्त नहीं हुए। इनमें एसएनए से संबंधित एसी/डीसी बिल शामिल नहीं हैं। समायोजन हेतु देय असमायोजित एसी बिलों का विवरण नीचे दिया गया हैं :

वर्ष	**असमायोजित ए.सी. बिलों की संख्या/ ई-अग्रिम/अस्थायी अग्रिम**	**राशि *(₹ करोड़ में)***
2022-23 तक	14	64.35
2023-24	183	16.94
योग	**197**	**81.29**
वर्ष	**समायोजन की नियत दिनांक से पहले समायोजित एसी बिलों की संख्या**	**राशि *(₹ करोड़ में)***
2022-23 (जनवरी से मार्च)	43	12.66
2023-24 (अप्रेल से दिसम्बर)	279	33.66

(vii) सहायतार्थ अनुदान के लिये प्राप्त नहीं हुए उपयोगिता प्रमाण–पत्र (यू.सी.):

राजस्थान सामान्य वित्तीय और लेखा नियमों के नियम 284 और 286 के अनुसार, सशर्त सहायतार्थ अनुदान के संबंध में उपयोगिता प्रमाण पत्र और/या अनुदान प्राप्तकर्ता द्वारा अनुदान स्वीकृत करने वाले प्राधिकारी को अनुदान प्राप्त होने की तिथि से 12 माह के भीतर या उसी उद्देश्य पर आगे अनुदान के लिए आवेदन करने से पहले, जो भी पहले हो, प्रस्तुत किया जाना चाहिए। उपयोगिता प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं करने की सीमा तक, एक जोखिम की सम्भावना है कि वित्त लेखों में दर्शाई गई राशि लाभार्थियों तक नहीं पहुंची हो।

वर्ष 2023–24 के दौरान, 2,207 बकाया उपयोगिता प्रमाण पत्र से संबंधित ₹ 5,325.21 करोड़ 31 मार्च 2024 तक की अवधि के लिए देय थे (एस.एन.ए. से संबंधित राशि ₹ 515.44 करोड़ की 36 उपयोगिता प्रमाण पत्र को सम्मिलित करते हुए, जिनका 30 जून, 2024 तक समायोजन हो गया)। इनमें से 1,211 बकाया उपयोगिता प्रमाण पत्र से संबंधित ₹ 4,203.09 करोड़ का समायोजन हो गया था । 31 मार्च 2024 तक बकाया उपयोगिता प्रमाण पत्र की स्थिति नीचे दी गई है:

वर्ष *	**बकाया उपयोगिता प्रमाण पत्रों की संख्या**	**राशि *(₹ करोड़ में)***
2022-23 तक	352	293.05
2023-24 #	644	829.07
योग	**996**	**1,122.12**

* ऊपर उल्लेखित वर्ष ''देय वर्ष'' से संबंधित है जैसा कि वास्तविक आहरण के 12 महीने के बाद।

वर्ष के दौरान वृद्धि ₹ 6,764.30 करोड़ (1,116 मदें) है जो 2024–25 में देय होगी ।

संदर्भ वित्त लेखे के विवरण संख्या 10 और परिशिष्ट ।।। में है ।

(viii) ब्याज का समायोजन:

श्रेणी ञ– आरक्षित निधियां (क– ब्याज वाली आरक्षित निधियां) तथा ट–जमा तथा अग्रिम (क– ब्याज वाली जमा) के तहत शेष राशि के संबंध में ब्याज का भुगतान/समायोजन करने के लिए सरकार उत्तरदायी है तथा इस उद्देश्य के लिए, मुख्य तथा लघु शीर्ष की सूची में विशिष्ट उप मुख्य शीर्षों का प्रावधान किया जाता है।

वर्ष 2023–24 के दौरान सरकार द्वारा भुगतान की गई इन निधियों/ निक्षेपों और भुगतान किये गये ब्याज का विवरण नीचे दिया गया है:

(₹ करोड़ में)

निधियां/जमाएं	**1 अप्रैल 2023 को शेष**	**ब्याज की गणना के आधार**	**देय ब्याज**	**ब्याज का भुगतान**	**ब्याज का कम भुगतान**
(क) ब्याज वाली आरक्षित निधियां (राज्य क्षतिपूरक वनीकरण निधि)	1,347.12	3.35 *प्रतिशत* (पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, द्वारा घोषित)	45.13	37.19	7.94

₹ 7.94 करोड़ ब्याज का भुगतान कम करने के परिणामस्वरूप राजस्व व्यय ₹ 7.94 करोड़ से कम दर्शित रहा ।

संदर्भित आंकड़े वित्त लेखें के विवरण संख्या 15, 21 एवं 22 में है।

(ix) सरकार द्वारा दी गयी गारन्टियां:

राजस्थान राजकोषीय दायित्व तथा बजट प्रबन्धन (एफ.आर.बी.एम.) नियम, 2005 (जैसा कि 2016 में संशोधित किया गया) के संबंध में, प्रत्येक वित्तीय वर्ष के अंत में कुल बकाया सरकारी गारन्टियां उस वित्तीय वर्ष में राज्य की संचित निधि की अनुमानित प्राप्तियों के 60 *प्रतिशत* से अधिक नहीं होगी। वर्ष के दौरान, राज्य सरकार द्वारा गारंटीकृत राशि ₹ 32,790.80 करोड़ है। 1 अप्रैल 2024 तक ₹ 1,10,918.47 करोड़ की बकाया गारन्टियां, वर्ष 2023-24 की राज्य की समेकित निधि की अनुमानित प्राप्तियों (₹ 3,82,674.02 करोड़) का 28.99 *प्रतिशत* बनती है और निर्धारित सीमा के भीतर है।

राजस्थान राज्य गारंटी अनुदान विनियम 1970 के तहत सरकार गारंटी राशि पर न्यूनतम 0.01 *प्रतिशत* से 1.00 *प्रतिशत* गारंटी कमीशन के रूप में लेगी।

2023-24 के दौरान, राज्य सरकार को गारंटी कमीशन के रूप में ₹ 943.08 करोड़ प्राप्त हुए, जो वर्ष के अंत में बकाया गारंटी का 0.85 *प्रतिशत* (₹ 1,10,918.47 करोड़) था।

संदर्भित आकड़े वित्त लेखें के विवरण संख्या 9 ,14 एवं 20 में उपलब्ध है।

(x) पारिस्थितिकी तथा पर्यावरण पर व्यय :

पर्यावरण के प्रति राज्य सरकार द्वारा किए गए व्यय को विभिन्न कार्यात्मक लेखा शीर्षों के अंतर्गत लघु शीर्ष स्तर तक वित्त लेखों में दर्शाया जाता है। वर्ष 2023-24 के दौरान, राजस्थान सरकार ने ₹ 1,007.10 करोड़ के बजट आवंटन के विरूद्ध मुख्य शीर्ष 2402 (₹ 85.76 करोड़), 2406 (₹ 813.39 करोड़) और 3435 (₹ 3.04 करोड़) के तहत ₹ 902.19 करोड़ का व्यय किया।

गत वर्ष 2022-23 के दौरान, राजस्थान सरकार ने मुख्य शीर्ष 2040, 2041, 2217 तथा 3435 के तहत ₹ 10.23 करोड़ के बजट आवंटन के एवज में ₹ 16.91 करोड़ का व्यय किया।

इसका संदर्भ वित्त लेखे के विवरण संख्या 15 में है।

(xi) अप्रत्याशित/असाधारण घटनाओं/आपदा से सम्बन्धित व्यय :

वर्ष 2023-24 के दौरान, राजस्थान सरकार ने अप्रत्याशित/असाधारण घटनाओं से सम्बन्धित राहत उपायो पर मुख्य शीर्ष 2245-प्राकृतिक आपदाओं के सम्बन्ध में राहत पर ₹ 2,383.93 करोड़ (राज्यांश ₹ 601.74 करोड़ तथा केन्द्रीयांश ₹ 1,782.19 करोड़) का व्यय किया ।

सरकार ने केन्द्र सरकार से इस उद्देश्य हेतु राज्य आपदा राहत निधि के संबंध में ₹ 1,307.21 करोड़ तथा राज्य आपदा मोचन निधि के सम्बन्ध में ₹ 482.40 करोड़ प्राप्त किये ।

इसका सन्दर्भ वित्त लेखे के विवरण 2, 4, 5, 14, 15 तथा 16 हैं ।

(xii) केन्द्रीय कर्जों का अपलेखन:

तेरहवें वित्त आयोग की सिफारिशों को आगे बढाते हुए वित्त मंत्रालय, भारत सरकार ने, फरवरी 2012 को, विभिन्न मंत्रालयों (वित्त मंत्रालय द्वारा स्वयं दिये गये अग्रिम के अलावा) द्वारा राज्य सरकार को 31 मार्च 2010 तक दिये गये केन्द्रीय योजना तथा केन्द्रीय प्रवर्तित योजनाओं के सभी कर्जों को अपलिखित किया गया। वित्त मंत्रालय द्वारा राज्य सरकार को आदेशों की प्रभावी दिनांक (31 मार्च 2010) से मूलधन तथा ब्याज के अधिक पुर्नभुगतान के समायोजन की अनुमति दी गयी तथा इसका क्रियान्वयन वित्त मंत्रालय को भविष्य में किये जाने वाले पुनर्भुगतान के विरूद्ध समायोजन किया गया । राजस्थान सरकार ने 31 मार्च 2012 के अन्त तक ₹ 48.31 करोड़ (मूल ₹ 28.47 करोड़ तथा ब्याज ₹ 19.84 करोड़) का अधिक पुर्नभुगतान किया गया था, उसमें से वित्त मंत्रालय ने अभी तक ₹ 39.54 करोड़ समायोजित किये गये, ₹ 8.77 करोड़ के असमायोजन शेष रहते हुए ।

संदर्भ वित्त लेखे के विवरण संख्या 17 में है।

(xiii) राज्य सरकार द्वारा दिया गया ऋण:

राजस्थान के संबंध में, महालेखाकार (लेखा व हक.) द्वारा कोई ऋण खाता नहीं रखा जाता है।

संदर्भ वित्त लेखे के विवरण संख्या 7 एवं 18 में है।

(xiv) वचनबद्ध दायित्व:

बारहवें वित्त आयोग की सिफारिशों के अनुसार केन्द्र सरकार द्वारा लेखांकन के संचय आधार की ओर अग्रेषित होने के लिए कार्यवाही शुरू की गई। यद्यपि, जैसा कि परिवर्तनकाल चरणों में घटित होगा, लेखांकन की संचित आधारित प्रणाली में बदलाव के लिए, निर्णय लेने में अधिक पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए नकद लेखांकन की वर्तमान प्रणाली में संलग्नित होने के लिए विवरणों के प्रारूप में कुछ अतिरिक्त जानकारी अपेक्षित है। राज्य सरकार को वित्त लेखे, खंड–II के परिशिष्ट– XII में प्रतिबद्ध देनदारियों के बारे में जानकारी प्रस्तुत करनी होती है, लेकिन उनके द्वारा ऐसा नहीं किया और वित्त लेखे के परिशिष्ट– XII में शून्य जानकारी दर्शाई गई है।

(xv) एक मुश्त अनुदान छोड़कर केन्द्र प्रवर्तित योजनाओं (सीएसएस) :

वर्ष के दौरान, 31 मार्च 2024 तक केन्द्रीय प्रवर्तित योजनाओं के अन्तर्गत कुल ₹ 28,900.12 करोड़ (राजस्व व्यय ₹ 24,414.60 करोड़ और पूंजीगत व्यय ₹ 4,485.58 करोड़) का व्यय दर्ज किया गया, जिसमें से केन्द्रीय प्रवर्तित योजनाओं के लिए केंद्रीय सहायता (₹ 13,389.62 करोड़) तथा राज्य के हिस्से का (₹ 15,510.56 करोड़) व्यय सम्मिलित है।

इसका संदर्भ वित्त लेखे के विवरण संख्या 15 एवं 16 में है।

(xvi) राज्य में कार्यकारी अभिकरणों/लाभार्थियों को संघ सरकार द्वारा केंद्रीय योजना निधियों का सीधा हस्तांतरण:

सीजीए के पी.एफ.एम.एस. पोर्टल के अनुसार, 2023–24 के दौरान राज्य में लाभार्थियों (एनजीओ, केंद्र सरकार के संगठन, वैधानिक संगठन, शहरी/ग्रामीण निकाय, लाभार्थियों, इत्यादि सहित) कार्यकारी अभिकरणों को सीधे ₹ 27,898.48 करोड़ रुपये प्राप्त हुए। कार्यकारी अभिकरणों को निधि का सीधा हस्तांतरण 2022–23 में (₹ 18,059.23 करोड़ से 2023–24 में ₹ 27,843.69 करोड़) गत वर्ष की तुलना में 54.18 *प्रतिशत* बढ़ गया है । *विवरण वित्त लेखे के परिशिष्ट–VI में है ।*

(xvii) राज्य सरकार का ऑफ बजट दायित्व, अंतर्निहित सहाय्य और नीतिगत अंतर्निहितार्थों के कारण राजकोषीय बोझ:

ऑफ बजट उधार लेना सरकार का उस मात्रा तक दायित्व है जहाँ तक मूलधन और उस पर ब्याज अनिवार्य रूप से सरकारी बजट के द्वारा राज्य इकाई को सहायता या अनुदान के रूप में दिया जाता है।

राज्य सरकार ने अपने बजट दस्तावेजों/वार्षिक वित्तीय विवरणों में ऑफ बजट दायित्वों का खुलासा नहीं किया। वित्त मंत्रालय, भारत सरकार को अपने पत्राचार संदेश में राज्य सरकार ने बजट उधार के साथ साथ अंतर्निहित सब्सिडी को शून्य बताया। वर्ष 2023–24 में, राजस्थान राज्य सरकार ने ऑफ बजट उधार के कारण कोई सहायता/अनुदान प्रदान नहीं किया है। वर्ष के दौरान कोई गारंटी की याचना नहीं की गई। यद्यपि, सरकार ने मुख्य शीर्ष 0215–जल आपूर्ति तथा सफाई के तहत अपने राजस्व (जल आपूर्ति उपयोगकर्ता शुल्क) को राजस्थान जल आपूर्ति और सीवरेज निगम (आर.डब्ल्यू.एस.एस.सी.) को सुपुर्द कर दिया, जिसने ₹ 7,000.00 करोड़ (2021–22 में ₹ 4,000.00 करोड़, 2022–23 में ₹ 1,500.00 करोड़ और 2023–24 में ₹ 1,500.00 करोड़) का ऋण लिया है। वर्ष 2023–24 के दौरान, जल जीवन मिशन के लिए राज्य सरकार का ₹ 3,361.66 करोड़ का भुगतान आर.डब्ल्यू.एस.एस.सी. के निजी निक्षेप खाते से सिंगल नोडल एजेंसी एस्क्रो खाते में किया गया था।

वर्ष के दौरान राज्य सरकार ने उदय योजना पर जारी बांड पर ₹ 6,905.75 करोड़ का मूलधन और ₹ 1,774.55 करोड़ ब्याज का भुगतान किया है।

2022–23 में राज्य द्वारा पुरानी पेंशन योजना (ओ.पी.एस.) को वापस लेने से राज्य सरकार पर भविष्य में अतिरिक्त वित्तीय प्रभाव होगा ।

(xviii) सिंगल नोडल एजेंसी (एस एन ए) को निधियों का हस्तांतरण:

वित्त मंत्रालय, भारत सरकार ने पत्र क्रमांक 1(13) पीएफएमएस/एफसीडी/2020 दिनांक 23.03.2021 द्वारा केंद्र प्रायोजित योजना (सीएसएस) के तहत निधियां जारी करने और सिंगल नोडल एजेंसी (एस.एन.ए.) के माध्यम से जारी निधियों के उपयोग की निगरानी के लिए प्रक्रिया को अधिसूचित किया था। प्रत्येक सीएसएस के लिए, राज्य सरकार द्वारा सरकारी व्यवसाय संचालित करने के लिए अधिकृत अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक में स्वयं के बैंक खाते के साथ एस.एन.ए. की स्थापना की जाती है।

वित्त मंत्रालय, भारत सरकार के पत्र दिनांक 16 फरवरी, 2023 के अनुसार, राज्य सरकार केंद्रीयांश की प्राप्ति के 30 दिनों के भीतर केंद्रीयांश के साथ साथ राज्यांश को एसएनए खाते में स्थानांतरित कर देगी। एसएनए खाते में केंद्रीयांश के हस्तांतरण में 30 दिनों से अधिक की देरी पर राज्य सरकार द्वारा 01.04.2023 से 7% प्रति वर्ष की दर से दिनों की संख्या पर ब्याज का भुगतान करना होगा।

पी.एफ.एम.एस.–एस.एन.ए. से राज्य सरकार/एसएनए 01 रिपोर्ट के अनुसार, राज्य सरकार को इसके कोषालय लेखे में वर्ष के दौरान केंद्रीयांश ₹ 12,954.28 करोड़ (जिसमें 02 मार्च 2024 से 31 मार्च 2024 के बीच प्राप्त ₹ 3,643.81 करोड़ सम्मिलित है) प्राप्त हुए। 31 मार्च 2024 तक, सरकार ने ₹ 12,712.31 करोड़ का केंद्रीयांश (इसमें 2022–23 में प्राप्त निधियां सम्मिलित है) और ₹ 11,388.55 करोड़ का राज्यांश एसएनए को हस्तांतरित किया । ₹ 24,100.86 करोड़ के कुल हस्तांतरण में से, ₹ 12,880.02 करोड़ सहायतार्थ अनुदान बिलों के माध्यम से, ₹ 6,760.47 करोड़ पूर्ण समर्थित आकस्मिक बिलों के माध्यम से, ₹ 3,944.52 करोड़ पीडी भुगतान के माध्यम से (जल जीवन मिशन के लिए ₹ 3,551.92 करोड़ और अन्य पीडी भुगतान के लिए ₹ 392.60 करोड़) और डब्ल्यू.ए.एम. बिलों के माध्यम से ₹ 515.85 करोड़ हस्तांतरित किए गए। वास्तविक व्यय के विस्तृत वाउचर और सहायक दस्तावेज महालेखाकार कार्यालय को एसएनए से प्राप्त नहीं हुए थे। 02 मार्च 2024 से 31 मार्च 2024 के बीच ₹ 3,643.81 करोड़ प्राप्त हुए, जिसमें से शेष ₹ 3,183.59 करोड़ 31 मार्च 2024 को एसएनए के बैंक खाते में स्थानांतरित नहीं हुए।

एस.एन.ए. रिपोर्ट के अनुसार 31 मार्च 2024 तक एस.एन.ए. के बैंक खातों में ₹ 4,713.71 करोड़ बिना व्यय किए पड़े हैं।

(xix) आहरण एवं वितरण अधिकारी (डीडीओ) बैंक खाते में निधियों का हस्तान्तरण :

राज्य की समेकित निधि से डीडीओ के बैंक खाते में कोई राशि हस्तांतरित नहीं की गयी है।

4. आकस्मिकता निधि:

राजस्थान आकस्मिकता निधि अधिनियम, 1956 की धारा 4 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, राज्य सरकार ने राजस्थान राज्य की आकस्मिकता निधि में राशि के भुगतान तथा राशि की निकासी से जुड़े या सहायक सभी मामलों को विनियमित करने के लिए राजस्थान आकस्मिकता निधि नियम, 1957 बनाया । राजस्थान की आकस्मिकता निधि का कॉरपस ₹ 1000.00 करोड़ था । वर्ष के दौरान आकस्मिकता निधि से कोई लेन–देन नहीं किया गया।

31 मार्च 2024 तक, आकस्मिकता निधि में ₹ 1,000.00 करोड़ की शेष राशि थी।

संदर्भित आकड़े वित्त लेखे के विवरण संख्या 1, 2 एवं 21 में उपलब्ध है।

5. लोक लेखे:

(i) राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली:

राजस्थान की राज्य सरकार ने 01-04-2022 से पुरानी पेंशन योजना (ओ.पी.एस.) को वापस लेने की अधिसूचना जारी कर दी है। एन.पी.एस. और ओ.पी.एस. के बीच चयन करने के विकल्प का कोई प्रावधान नहीं है। इसलिए, ए.आई.एस.अधिकारियों को छोड़कर सभी 5,25,713 कर्मचारी 01-04-2022 से ओपीएस में स्थानांतरित हो गए।

वर्ष 2023-24 के दौरान, एन.पी.एस., जो निर्धारित अंशदान पेंशन योजना है में अखिल भारतीय सेवा के अधिकारियों का कुल योगदान ₹ 7.23 करोड़ (कर्मचारियों का अंशदान ₹ 3.41 करोड़ तथा सरकार का अंशदान ₹ 3.82 करोड़) था। किए गए योगदान में से, सरकार ने एन.एस.डी.एल. को केवल ₹ 6.60 करोड़ हस्तांतरित किए, अर्थात ₹ 0.63 करोड़ कम। न्यून /कम अंशदान/हस्तांतरण का राजस्व व्यय पर प्रभाव पैरा 6 के अंतर्गत दिया गया है, पिछले शेष से निक्षेप में ₹ 691.25 करोड़ क्रेडिट का निहितार्थ यह है कि ओ.पी.एस. अपनाने के कारण उस राशि को एन.एस.डी.एल. को हस्तांतरित करना अपेक्षित नहीं हैं ।

यह राज्य सरकार के विचाराधीन है कि कर्मचारियों के योगदान की राशि ₹ 691.25 करोड़ कर्मचारियों के सामान्य भविष्य निधि में स्थानांतरित की जाएगी, जैसा कि उनके पत्र दिनांक 04.07.2023 द्वारा सूचित किया गया है।

सरकार के अंशदान की विस्तृत सूचना वित्त लेखे के विवरण संख्या 15 में उपलब्ध है।

(ii) आरक्षित निधियां:

क. ब्याज वाली आरक्षित निधियां:

(अ) राज्य आपदा मोचन निधि (एस.डी.आर.एफ): राज्य आपदा मोचन निधि के गठन तथा प्रशासन के दिशा निर्देशों के अनुसार (मुख्य शीर्ष '8121-सामान्य एवं अन्य आरक्षित निधियां' जो ब्याज सहित अनुभाग के तहत हैं) केन्द्र तथा राज्य सरकारों को निधि में 75:25 के अनुपात में अंशदान किया जाना अपेक्षित है । वर्ष 2023-24 के दौरान, राज्य सरकार ने केन्द्र सरकार के हिस्से के रूप में ₹ 1,307.20 करोड़ प्राप्त किये। वर्ष के दौरान राज्य सरकार का हिस्सा ₹ 435.20 करोड़ हैं। राज्य सरकार ने मुख्य शीर्ष 8121-122 एस.डी.आर.एफ. के तहत निधि में समस्त राशि ₹ 1,742.40 करोड़ (केन्द्रीय हिस्सा ₹ 1,307.20 करोड़ + राज्यांश ₹ 435.20 करोड़) हस्तांतरित किये ।

वर्ष 2023-24 के दौरान, भारत सरकार से राष्ट्रीय आपदा मोचन निधि हेतु कोई निधियां प्राप्त नहीं हुई।

मुख्य शीर्ष 2245 में ₹ 1,691.37 करोड़ की राशि व्यय की पूर्ति के रूप में निधि से ली गयी थी और ₹ 675.94 करोड़ की राशि निधि से निवेश की गई थी। 31 मार्च 2024 को निधि में अंतिम शेष ₹ 3,493.98 करोड़ था।

(ब) राज्य आपदा प्रशमन कोष: राज्य आपदा प्रशमन कोष (एस.डी.एम.एफ.) का गठन आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 की धारा 48 (1) (सी) के तहत किया जाना है। यह निधि विशेष रूप से राज्य आपदा मोचन निधि (एस.डी.आर.एफ.)/ राष्ट्रीय आपदा मोचन निधि (एन.डी.आर.एफ.) दिशानिर्देश के तहत आने वाली आपदा और राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर अधिसूचित राज्य विशिष्ट स्थानीय आपदा के संबंध में शमन परियोजना के उद्देश्य के लिए है। राज्य सरकार ने अधिसूचना संख्या एफ 8 (12) डी एम एंड आर/डी एम/ 2020/6166 दिनांक 03 मई, 2021 द्वारा मुख्य शीर्ष 8121-130-राज्य आपदा प्रशमन कोष के अंतर्गत एस.डी.एम.एफ. का सृजन किया है।

केंद्र और राज्य सरकारों को 75:25 के अनुपात में निधि में अंशदान करना अपेक्षित है। वर्ष 2023-24 के दौरान, राज्य सरकार को ₹ 482.40 करोड़ (₹ 155.60 करोड़ गत वर्ष के बकाया सहित) केंद्र सरकार के हिस्से के रूप में प्राप्त हुए। वर्ष के दौरान राज्य सरकार का हिस्सा ₹ 160.60 करोड़ (गत वर्ष के ₹ 51.80 करोड़ सहित) है। वर्ष 2022-23 के दौरान, राज्य सरकार ने ₹ 207.40 करोड़ (केंद्रीयांश ₹ 155.60 करोड़ और राज्यांश ₹ 51.80 करोड़) हस्तांतरित नहीं किया, जो 2023-24 के दौरान हस्तांतरित किया गया। राज्य सरकार ने ₹ 632.60 करोड़ (केंद्रीयांश ₹ 474.60 करोड़, राज्यांश ₹ 158.00 करोड़) मुख्य शीर्ष 8121-130 एस.डी.एम.एफ. के अन्तर्गत निधि को हस्तांतरित किया ।

एस.डी.एम.एफ. से कोई व्यय नहीं किया गया। निधि से ₹ 675.94 करोड़ की राशि का निवेश किया गया। 31 मार्च 2024 को निधि में अंतिम शेष ₹ 1,533.12 करोड़ था।

₹ 217.80 करोड़ (केंद्रीयांश ₹ 163.40 करोड़, राज्यांश ₹ 54.40 करोड़) के कम हस्तांतरण के परिणामस्वरूप राजस्व व्यय कम दर्शित है।

(स) राज्य क्षतिपूरक वनीकरण निधि: पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी दिशानिर्देशों की अनुपालना में, राज्य सरकारों को क्षतिपूरक वनरोपण करने के लिए उपयोगकर्त्ता अभिकरणों से प्राप्त राशियों के लिए राज्य के लोक लेखे में ब्याज वाले अनुभाग के तहत राज्य क्षतिपूरक वनीकरण निधि (एस.सी.ए.एफ.) की स्थापना की जानी अपेक्षित है।

वर्ष 2023-24 के दौरान, राज्य सरकार ने उपयोगकर्त्ता अभिकरणों से शून्य राशि (*गत वर्ष में शून्य राशि*) प्राप्त की और राष्ट्रीय निधि (*गत वर्ष में शून्य राशि*) को कोई राशि प्रेषित नहीं की गयी।

सरकार को राष्ट्रीय क्षतिपूरक वनीकरण जमा से ₹ 222.07 करोड़ *(गत वर्ष में ₹ 55.00 करोड़)* प्राप्त हुए।

सरकार ने निधि से ₹ 242.34 करोड़ का व्यय किया और वर्ष के दौरान कोई राशि निवेश नहीं की गई।

31 मार्च 2024 तक राज्य क्षतिपूरक वनीकरण निधि में शेष ₹ 1,364.04 करोड़ था।

राज्य सरकार ने यह भी बताया कि वर्ष 2023-24 के दौरान कैम्पा निधि पर लागू ब्याज दर 3.35 *प्रतिशत* थी और वर्ष के दौरान ब्याज के रूप में ₹ 37.19 करोड़ निधि में जमा किये गये।

ख. बिना ब्याज वाली आरक्षित निधियां:

(अ) समेकित ऋण शोधन निधि: राजस्थान में कोई समेकित ऋण शोधन निधि मौजूद नहीं है।

(ब) गारंटी मोचन निधि: राज्य सरकार द्वारा भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा प्रशासित गारंटी मोचन निधि गठित की गयी । भारतीय रिजर्व बैंक, जो निधि को संचालित करता है, के दिशा निर्देशों के अनुसार निधि के कॉरपस को बकाया गारन्टियों के 5 *प्रतिशत* के वांछनीय स्तर तक धीरे धीरे बढ़ाना है। वर्ष के दौरान सरकार ने ₹ 906.03 करोड़ का अंशदान दिया। 31 मार्च 2024 तक निधि का कुल संचय ₹ 8,968.62 करोड़ (31 मार्च 2023 को ₹ 7,628.97 करोड़) था जो बकाया गारंटियों का 8.09 *प्रतिशत* (31 मार्च 2024 को ₹ 1,10,918.47 करोड़) बनता है।

निधि में लेन-देन को वित्त लेखे के विवरण 21 तथा 22 में दर्शाया जाता है।

(iii) केन्द्रीय सड़क तथा आधारभूत निधि (सी.आर.आई. एफ): भारत सरकार की दिनांक 31.03.2018 की राजपत्र अधिसूचना के द्वारा पूर्ववर्ती केंद्रीय सड़क निधि (सी.आर.एफ.) का नाम बदलकर केंद्रीय सड़क तथा आधारभूत निधि (सी.आर.आई.एफ.) कर दिया गया है। सी.आर.आई.एफ. का उपयोग राष्ट्रीय राजमार्गो, रेलवे परियोजनाओं के विकास और रखरखाव, रेलवे, राज्य और ग्रामीण सड़कों और अन्य बुनियादी ढांचे आदि की सुरक्षा में सुधार के लिए किया जाएगा।

वर्तमान लेखांकन प्रक्रिया के अनुसार, केन्द्र से राज्य को प्राप्त अनुदान को प्रारम्भ में मुख्य शीर्ष 1601 के तहत राजस्व प्राप्तियों के रूप में दर्ज किया जाता है । उसके बाद, इस प्रकार प्राप्त राशि को राज्य सरकार द्वारा मुख्य शीर्ष 8449-103-केंद्रीय सड़क तथा आधारभूत निधि से प्राप्त अनुदान के अन्तर्गत हस्तान्तरण कार्यात्मक मुख्य शीर्ष के माध्यम से लोक लेखे में किया जाता है।

वर्ष 2023-24 के दौरान, राज्य सरकार को सी.आर.आई.एफ के लिए ₹ 745.90 करोड़ का अनुदान प्राप्त हुआ और ₹ 686.45 करोड़ निधि में हस्तांतरित किए। राज्य सरकार ने 31 मार्च 2024 तक लोक लेखे में ₹ 59.45 करोड़ निधि को हस्तांतरित नहीं किए।

₹ 59.45 करोड़ के कम हस्तांतरण से राजस्व व्यय उस सीमा तक कम हुआ ।

(iv) उचन्त तथा प्रेषण शेष:

वित्त लेखे में 'उचन्त तथा प्रेषण' शीर्षों के अंतर्गत निवल शेष प्रदर्शित होते हैं। इन शीर्षों के अंतर्गत बकाया शेष, विभिन्न शीर्षों के अधीन पृथक से बकाया नामे तथा जमा शेषों को जोड़कर निकाला जाता है, 31 मार्च 2024 को दो शीर्षो {मुख्य शीर्ष 8658 ₹ 169.22 करोड़ (जमा) और मुख्य शीर्ष 8782 ₹ 7.91 करोड़ (नामे)} के अन्तर्गत ₹ 161.31 करोड़ (31 मार्च 2023 को ₹ 42.92 करोड़) था ।

इन शीर्षों के अधीन बकाया शेषों का निस्तारण नही करने से राज्य सरकार के विभिन्न लेखा शीर्षों के शेषों (जो वर्ष दर वर्ष आगे ले जाये जाते है) एवं प्राप्ति/व्यय आंकड़ों की सटीकता को प्रभावित करता है।

(v) भवन तथा अन्य निर्माण कामगार कल्याण उपकर:

भारत सरकार ने कामगारों को लाभ प्रदान करने के लिए उपकर लगाने और एकत्र करने के लिए भवन एवं अन्य निर्माण कामगार कल्याण उपकर अधिनियम, 1996 (उपकर अधिनियम) लागू किया।

वर्ष 2023-24 के दौरान सरकार ने मुख्य शीर्ष 0230 के तहत श्रम उपकर के रूप में ₹ 760.04 करोड़ (2022-23: ₹ 624.32 करोड़) एकत्रित किए और राजस्थान भवन एवं अन्य निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड को निजी निक्षेप खाते से ₹ 624.32 करोड़ (2022-23: ₹ 500.87 करोड़) हस्तांतरित किए। इस प्रकार, 31 मार्च 2024 को उपकर से अहस्तांतरित राशि ₹ 135.72 करोड़ थी, जो राजस्व व्यय को कम दर्शाती थी और नकद शेष को इस सीमा तक बढ़ाकर दर्शाती (31 मार्च 2023 को ₹ 123.45 करोड़) हैं ।

(vi) राज्य द्वारा लगाए गए अन्य उपकर:

वर्ष 2023-24 के दौरान, सरकार ने उपकर के रूप में ₹ 2,064.01 करोड़ *(2022-23 : ₹ 1,747.65 करोड़)* एकत्रित किए:

- मुख्य शीर्ष 0040-800 के अन्तर्गत डीजल और पेट्रोल उपकर ₹ 1,534.35 करोड़ *(2022-23 : ₹ 1,438.03 करोड़) ;*
- मुख्य शीर्ष 0043-800 के अन्तर्गत शहरी उपकर ₹ 209.68 करोड़ *(2022-23 : शून्य संग्रह)* और
- मुख्य शीर्ष 0043-800 के अन्तर्गत जल संरक्षण उपकर ₹ 319.98 करोड़ *(2022-23: ₹ 309.62 करोड़)*

उपकर का संग्रह रहा और ₹ 3,799.74 करोड़ *(2022-23 : ₹ 3,249.19 करोड़)* निर्दिष्ट निधि में स्थानांतरित किये गये :

- डीजल और पेट्रोल उपकर ₹ 3,390.12 करोड़ *(2022-23 : ₹ 3,000.00 करोड़) (मुख्य शीर्ष 8225-02-101-राज्य सड़क और पुल निधि);*
- शहरी उपकर ₹ 100.00 करोड़ *(2022-23: शून्य हस्तांतरण) (मुख्य शीर्ष 8229-00-200-अन्य विकास और कल्याण निधि)* और
- जल संरक्षण उपकर ₹ 309.62 करोड़ *(2022-23 : ₹ 249.19 करोड़) (मुख्य शीर्ष 8229-00-200-अन्य विकास और कल्याण निधि)* ।

(vii) राष्ट्रीय खनिज अन्वेषण ट्रस्ट (एन.एम.ई.टी.) को प्रेषण:

राष्ट्रीय खनिज अन्वेषण ट्रस्ट (एन.एम.ई.टी) की स्थापना अगस्त 2015 में खान और खनिज (विकास और विनियमन)–एम.एम.डी.आर. अधिनियम, 1957 की धारा 9 सी (1) (2015 में संशोधन के द्वारा सम्मिलित) के अन्तर्गत की गई थी। अधिनियम की धारा 9 सी (4) में कहा गया है कि खनन पट्टा या खनिज रियायत धारक ट्रस्ट द्वारा दूसरी अनुसूची के संदर्भ में भुगतान की गई रॉयल्टी के दो *प्रतिशत* के बराबर राशि का भुगतान ऐसे तरीके से की जाऐगी जैसा केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित किया जावे ।

एन.एम.ई.टी. नियम (संशोधित), 2018 के नियम 7 (1) में कहा गया है कि इस खनन पटटा या पूर्वेक्षण लाइसेंस सह खनन पटटा धारक, राज्य सरकार को रॉयल्टी का भुगतान करते समय, अधिनियम की धारा 9 सी की उपधारा (4) के तहत ट्रस्ट की रॉयल्टी के दो *प्रतिशत* के बराबर राशि का भुगतान इस मद के तहत राज्य के लोक लेखे के अन्तर्गत इस उद्देश्य के लिये शीर्ष में जमा कर किया जाये।

लेखांकन प्रक्रिया के अनुसार, खनिको द्वारा आवश्यक राशि मुख्य शीर्ष 8449 राष्ट्रीय खनिज अन्वेषण ट्रस्ट के तहत सीधे राज्य के लोक लेखे में जमा की जा रही हैं । इसके बाद अभिवृद्धि को समय–समय पर भारत के लोक लेखे के तहत एन.एम.ई.टी. में स्थानान्तरित कर दिया जाता हैं । एन.एम.ई.टी. निधि भारत के लोक लेखे के तहत बनाया गया गैर व्ययगत और गैर ब्याज वाला फण्ड हैं ।

उपरोक्त लेखांकन प्रक्रिया राज्य सरकार द्वारा अपनाई गई हैं । एन.एम.ई.टी. से सम्बन्धित प्राप्तियां पटटाधारक द्वारा सीधे मुख्य शीर्ष 8449–123 के तहत राज्य खाते में जमा की जाती हैं और इसे राज्य सरकार द्वारा खान मंत्रालय, भारत सरकार को हस्तान्तरित कर दिया जाता हैं । वर्ष 2023–24 के दौरान, मुख्य शीर्ष 8449–123 के अन्तर्गत ₹ 78.45 करोड़ जमा कराये गये तथा सम्पूर्ण राशि भारत सरकार को हस्तान्तरित की गयी ।

(viii) प्रतिकूल शेष:

प्रतिकूल शेष एक ऐसी स्थिति है, जब वित्तीय वर्ष के अंत में शेषों के निकट वाले लेखा शीर्ष में ऋण शेष को प्रकट करता है, नामे/(–) जमा शेष देयता शीर्षों या शीर्षों का प्रतिनिधित्व करता है जहां सामान्य रूप से जमा शेष होना चाहिए, और जमा/(–)नामे शेष परिसंपत्ति शीर्षों या शीर्षों का प्रतिनिधित्व करता है जहां सामान्यतः नामे शेष होना चाहिए। एक लेखे के शीर्ष में प्रतिकूल शेष गलत वर्गीकरण, निधि की उपलब्धता से अधिक संवितरण, प्राप्त अंशदान से अधिक संवितरण, एक लेखा इकाई से दूसरे में शेष राशि को आगे नहीं ले जाने, प्रशासनिक पुनर्गठन के कारण राज्यों /अधिक लेखांकन इकाइयाँ के सृजन, आदि के कारण उत्पन्न होते है। 2023–24 में, ₹ 6.16 करोड़ का प्रतिकूल शेष था। 31.03.2024 को प्रतिकूल शेष नीचे दिए गए विवरण के अनुसार 8 शीर्षों में प्रदर्शित है:

(₹ करोड़ में)

मुख्य शीर्ष	मुख्य शीर्ष का विवरण	ऋण शेष
6216-80-800 (02)	आवास के लिए कर्ज–अल्प आय वर्ग आवास योजना	#
6408-02-195 (01)	खाद्य भंडारण तथा भांडागार के लिए कर्ज–ग्रामीण क्षेत्र में गोदाम निर्माण हेतु उधार	0.03
6425-00-107 (02)	सहकारिता के लिए कर्ज–राजस्थान राज्य सहकारी बैंक लिमिटेड को उधार	6.16
7475-00-190 (01)	अन्य सामान्य आर्थिक सेवाओं के लिए कर्ज–राजस्थान राज्य नागरिक आपूर्ति निगम लिमिटेड का उधार	*
7610-00-202	सरकारी कर्मचारियों को कर्ज आदि–मोटर वाहन का क्रय करने के लिए अग्रिम	2.65

₹ 0.12 लाख मात्र * ₹ 0.33 लाख मात्र

(₹ करोड़ में)

मुख्य शीर्ष	मुख्य शीर्ष का विवरण	ऋण शेष
7610-00-796	सरकारी कर्मचारियों को कर्ज आदि– जनजातीय क्षेत्र उपयोजना	0.15
8011-00-106 (02)	बीमा तथा पेंशन निधि–नगर परिषदों/नगरपालिकाओं के कर्मचारियों की पेंशन निधियां	3,737.14
8443-00-800 (05)	सिविल जमा–विद्युत कम्पनियां	129.98

(ix) रोकड़ शेष :

महालेखाकार (लेखा व हक) के रिकार्ड के अनुसार 31 मार्च 2024 तक रोकड़ शेष ₹ 10.75 करोड़ (नामे) एवं भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा सूचित ₹ 12.28 करोड़ (जमा) था। इसमें ₹ 1.53 करोड़ (नामे) का शुद्ध अंतर था, जिसका मुख्य कारण कोषालय/आरबीआई/एजेंसी बैंकों और महालेखाकार कार्यालय के बीच बकाया अंकमिलान था। अंतर मिलान के अधीन है। जून, 2024 तक अंतर ₹ 0.04 करोड़ (नामे) था।

गत वर्ष यानी, 31 मार्च 2023 को स्थिति ₹ 53.06 करोड़ (नामे)थी।

संदर्भित आकड़े वित्त लेखे के विवरण संख्या 21 में उपलब्ध है।

1 मार्च 2024 तक प्राप्त केंद्रीयांश को राज्य द्वारा 31 मार्च 2024 तक एस.एन.ए. बैंक खाते में स्थानांतरित कर दिया गया।

6. प्राप्ति, व्यय और रोकड़ शेष पर प्रभाव:

गलत वर्गीकरण का राजस्व व्यय पर/सांविधिक प्रावधानों के गैर–अनुपालन का राज्य के वित्त पर प्रभाव, जैसा कि पिछले पैरा में बताया गया है, नीचे सारणीबद्ध है:–

(₹ करोड़ में)

अनुच्छेद संख्या	मद (उदाहरणात्मक)	अधिक दर्शित राजस्व व्यय	न्यूनदर्शित राजस्व व्यय	अधिक दर्शित पूंजीगत व्यय	न्यूनदर्शित पूंजीगत व्यय	अधिक दर्शित राजस्व प्राप्ति	न्यून दर्शित राजस्व प्राप्ति	न्यून दर्शित रोकड़ शेष	अधिक दर्शित रोकड़ शेष
3 (ii)	राजस्व तथा पूंजी के बीच गलत वर्गीकरण		4.60	4.60					
3 (viii)	ब्याज समायोजन		7.94						
